Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding incursion into Indian territory in Arunachal Pradesh by China.

श्री मनीश तिवारी (आनंदपुर साहिब): सभापति महोदय, मैंने आज एक काम रोको प्रस्ताव माननीय अध्यक्ष जी के सामने रखा था, जिसको उन्होंने नामंजूर कर दिया है । मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है ।

सभापति महोदय, कुछ दिनों पहले बहुत चिंताजनक खबरें सार्वजनिक हुई थीं कि भारत की सरजमीं में अरुणाचल प्रदेश का ऊपरी सुबनसिरी जिला है, उसमें चीन ने घुसपैठ करके भारत की सरजमीं पर अपने गांव स्थापित किए हैं । इन खबरों के ऊपर सरकार की तरफ से अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर खबरें सार्वजनिक हुई थीं कि चीन ने हमारी सरजमीं पर अपने गांव स्थापित किए हैं और पूर्वी लद्दाख में अप्रैल, 2020 से जो तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, उसके ऊपर सरकार इस संसद में विस्तृत बहस करवाए एवं जो वास्तविक परिस्थिति है, वह इस सदन के समक्ष रखे । धन्यवाद ।